पल पल तेरी दरकार सांवरे भजन लिरिक्स

पल पल तेरी दरकार सांवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे।bd।

तर्ज – चलता रहूं तेरी ओर।

तेरी कृपा के बिन मेरे बाबा,
पत्ता भी ना हिलता,
मेरी जीवन बगिया का ये,
फूल कभी ना खिलता,
तुमसे मिली है बहार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे।bd।

सुख में दु:ख में यही प्रार्थना,
रहना पास हमारे,
मेरी धड़कन मेरी साँसे,
चलती तेरे सहारे,
बिन तेरे जीवन बेकार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे।bd।

मेरे घर पे सारी खुशियां,
तेरे चलते आती,
हर संकट में बाबा तेरी,
मोरछड़ी लहराती,
'श्याम' की सुनता पुकार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
पल पल तेरी दरकार सांवरे,

तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
तेरे भरोसे मेरा परिवार सांवरे,
पल पल तेरी दरकार साँवरे।bd।

Singer – Amol Parashar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com